# मोरें अंगना गजानन आए री

मोरे अंगना गजानन आए री,
आप भी आए संग रिद्धि सिद्धि लाए,
सोए भाग जगाए री,
मोरे अंगना गजानन आए री,

विघ्न हरण मंगल सुखकारी,
कर आए मुसे की सवारी,
दवार हमारे बडे परेम से,
सुंड हिलाते आए री ,
मोरे अंगना गजानन आए री,

दीप जले हैं दवारण दवारे,
शुभ हरियाली वंदन वारे,
चंदन चौक पीडिया बैठे,
लडुवा गट गट खाए री,
मोरे अंगना गजानन आए री,

जिस घर मे गनराज पधारे,
उस के हो गए वारे न्यारे,
आज मोरे घर आके परभु जी,
सोए भाग जगाए री,
मोरे अंगना गजानन आए री,

दस दिन रह के जब जाओगे,
सवामी याद बहुत आओगे,
ये शहनाज गजानन तेरी,
महिमा हमेंशा गाए री,
मोरे अंगना गजानन आए री,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11761/title/more-angna-gajanan-aye-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |